लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 101 / 2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांक:–14.10.2020
GCMS No.:-2020/00356

श्री कैलाश चन्द्र पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर), चित्तौड़गढ़

निर्णय

दिनांक 10.11.2020

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 31.08.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 101 / 2020 / (10.11) / 684 दिनांक 15.10.2020 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 10.11.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 10.11.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 101/2020 (सू.अ.)
श्री कैलाश चन्द्र पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया तहसील भदेसर बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

अपीलार्थी ने ड़ाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिनांक 02.11.2020 प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि उसे लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने आदिनांक तक उसके आवेदन में वर्णितानुसार सूचना (जांच प्रतिवेदन) उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने का आदेश प्रदान करावें। लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/413 दिनांक 21.10.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह कि प्रार्थी श्री कैलाश चन्द्र पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 31.08.2020 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय को दिनांक 02.09.2020 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से वांछित सूचना सतर्कता अनुभाग, जिला कार्यालय, चित्तौड़गढ़ से प्राप्त कर इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी को दिनांक 28.09.2020 से कुल किता 04 के दस्ती उपलब्ध कराई गई। (पावती की प्रति संलग्न है।)
3. यह कि प्रार्थी प्रार्थना पत्र की सूचना प्रार्थी को उपलब्ध करा दिये जाने से अब इस प्रकरण पर कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। अतः अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/413 दिनांक 21.10.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 101/2020 (सू.अ.)
श्री कैलाश चन्द पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया तहसील भदेसर बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

कुल किता 04 दस्ती उपलब्ध कराई गई है जिसके साक्ष्य स्वरूप अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रतिलिपि शुल्क जमा कराने हेतु लिखे गए पत्रांक 2572 दिनांक 24.09.2020 पर अपीलार्थी के सूचना प्राप्ति के हस्ताक्षर उपलब्ध है तथा अपीलार्थी द्वारा उस पर सूचना अपूर्ण होने या सूचना में कोई कमी होने संबंधी भी कोई तथ्य अंकित नहीं किया है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात से अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध कराया जाना प्रमाणित है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से [illegible] की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

(के. के. शर्मा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/सरिश्ता/प्र.सं./101/2020(सू.अ.)/715 दिनांकः– 10/11/2020

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री कैलाश चन्द्र डाड पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official